# शहरी गरीबों का कौशल विकास करेगा मानगो नगर निगम



## मानगो नगर निगम : शहरी गरीबों और बीपीएल को दिया जायेगा कौशल प्रशिक्षण

**जमशेदपुर.** मानगो नगर निगम की ओर से कौशल प्रशिक्षण दिया जा
लाभुकों को प्रशिक्षण से जोड़ने लिए मोबिलाइजेशन एवं काउंसिलिंग का
किया जा रहा है. लाभुकों को निगम के कर्मियों की ओर से प्रशिक्षण कें
जाकर काउंसिलिंग की जायेगी. कौशल प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए
शहरी गरीब, बीपीएल लाभुक मानगो नगर निगम में संपर्क कर सकते
प्रशिक्षण केंद्रों में जाकर आवेदन दे सकते हैं. प्रशिक्षण लेने के लिए ला
उम्र, शैक्षणिक योग्यता आदि की जांच की जायेगी. निगम के का
पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि ब्लूमिंग लाइफ मल्टी सर्विसेज
लिमिटेड प्रशिक्षण केंद्र, जवाहर नगर में पेंटिंग एंड कोडिंग कोर्स में
दिया जायेगा. साई ब्यूटी एंड हेल्थ केयर, डिमना चौक में फैशन डिजा
शैंपीलिंग टेलर का कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा.

## कौशल प्रशिक्षण हेतु काउंसलिंग एवं मोबिलाइजेशन की प्रक्रिया तेज



**जमशेदपुर :** मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय के निर्देशानुसार डे एनयूएलएम योजना के तहत मानगो नगर निगम अंतर्गत दो प्रशिक्षण केंद्रों में कौशल प्रशिक्षण कार्य आरंभ कराने हेतु लाभुकों के मोबिलाइजेशन एवं काउंसलिंग का कार्य किया जा रहा है. कार्यालय कर्मियों के द्वारा प्रशिक्षण केंद्रों में जाकर लाभुकों का काउंसलिंग किया जा रहा है, साथ ही प्रशिक्षण लेने के लिए लाभुकों के उम्र, शैक्षणिक योग्यता आदि की जांच की जा रही है. प्रशिक्षण केंद्रों तथा कार्यालय के माध्यम से प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए नगर निगम के स्लम एरिया सहित कई क्षेत्रों में लाभुकों के मोबिलाइजेशन का कार्य जारी है. ब्लूमिंग लाइफ मल्टी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड प्रशिक्षण केंद्र , जवाहर नगर में पेंटिंग एंड कोटिंग कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा साई ब्यूटी एंड हेल्थ केयर, डिमना चौक में फैशन डिजाइनिंग तथा शैंपीलिंग टेलर का कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा.